# ITL Public School
## Summative Assessment 1(2014-15)

तिथिः 19.9.14 — कक्षा ः सातवीं

हिंदी Set A

समयः 3 घंटा — कुल अंक–90

आवश्यक निर्देश—

1. कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में कुल 5 पृष्ठ और 4प्रश्न हैं।
2. यथा संभव प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दें।
3. लेख व मात्राओं की ओर उचित ध्यान दें।
4. कृपया प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

## खंड – क पढ़ना

1 क)**निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिएः**

पिछले कई वर्षो से कंप्यूटर हमारे जीवन का एक हिस्सा बन चुका है। दफ़्तरों , बैंकों , रेलवे तथा व्यापारिक प्रतिष्ठानों में इसका उपयोग हो रहा है।कोई भी क्षेत्र इससे अछूता नहीं रहा है। प्रश्न उठता है कि कंप्यूटर आखिर है क्या? कंप्यूटर मानव द्वारा बनाया गया एक ऐसा मस्तिष्क यंत्र है जो मानव की अंक संबंधी बड़ी - से - बड़ी समस्या को पलक झपकते ही सुलझा देता है।आरंभ में कंप्यूटर का विकास गणित की जटिलतम गणनाएँ करने के लिए किया गया था , परंतु आज के कंप्यूटर अक्षरों , शब्दों , आकृतियों तथा कथनों को ग्रहण करने में सक्षम है। आज जीवन के अनेक क्षेत्रों में कंप्यूटर की सहायता से कार्य किए जा रहे हैं जैसे बिजली के बिल तैयार करना , पुस्तकों और पत्रिका के ग्राहकों के नाम व पतों की सूची रखना , बैंकों में पैसों का लेन-देन , चैकों की जाँच करना , रूपए गिनना तथा हर ग्राहक के खाते का हिसाब रखना। रेल , विमान आदि के टिकट बुक कराना आदि काम आसान हो गए हैं।पुस्तक प्रकाशन के क्षेत्रों में कंप्यूटर बहुत सहायक हो रहा है। अब एक सिरे पर कंप्यूटर में मैटर भरा जाता है तथा दूसरे सिरे पर तेज़ रफ़्तार से इलेक्ट्रॉनिक प्रिंटर उस मैटर को छापकर निकालता रहता है।इस प्रकार पुस्तकें, समाचार पत्र आदि बहुत जल्दी छप जाते हैं। प्रत्येक क्षेत्र में इनका प्रचार और प्रसार बढ़ता ही जा रहा है।आधुनिक कंप्यूटरों के माध्यम से भवनों, मोटरगाड़ियों, वायुयानों के डिज़ाइन तैयार करने में कंप्यूटर ग्राफ़िक का व्यापक प्रयोग हो रहा है।आज दी गई सूचना के आधार पर कंप्यूटर अपराधियों के चित्र भी तैयार कर देता है।

क)कंप्यूटर क्या है? 2

ख)आरंभ में कंप्यूटर का विकास किसलिए किया गया था? 2

ग)आज मानव द्वारा कंप्यूटर का प्रयोग किन -किन क्षेत्रों में किया जा रहा है? 2

घ)पुस्तक प्रकाशन के क्षेत्र में कंप्यूटर किस प्रकार सहायक है? 2

ङ) कंप्यूटर ग्राफ़िक का प्रयोग किस लिए किया जाता है? 2

च)गदयांश में मस्तिष्क यंत्र किसे कहा गया है? 1

छ)उपर्युक्त गदयांश का उचित शीर्षक दीजिए। 1

ख) **निम्नलिखित पदयांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिएः**

जन्म लेते है जगह में एक ही

एक ही पौधा उन्हें है पालता।
रात में उन पर चमकता चाँद भी
एक- ही- सी चाँदनी है डालता।।
मेघ उन पर है बरसता एक - सा
एक- सी उन पर हवाएँ हैं बही।
पर सदा ही यह दिखता है हमें
ढंग उन के एक- से होते नहीं।।
छेद कर काँटा किसी की उँगलियाँ
फाड़ देता है किसी का वर वसन।
फूल निज सुगंधों और निराले रंग से
है सदा देता कली जी की खिला।।
है खटकता एक सब की आँख में
दूसरा है सोहता सुर - शीश पर।
किस तरह कुल की बड़ाई काम दे
जो किसी में हो बड़प्पन की कसर।।

(क) यहाँ पौधे के किन-दो अवयवों (भागों) की बात हो रही है? **1**
(ख) प्रकृति किस प्रकार दोनों को समान भाव से पालती है? **1**
(ग) काँटे की क्या प्रवृति होती है? **1**
(घ) फूल सभी को प्यारा क्यों लगता है? **1**
(ङ) इस काव्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। **1**
(च) 'बादल' और 'खुशबू' का समानार्थक शब्द लिखिए। **2**
(छ)'ता' प्रत्यय वाला कोई एक शब्द लिखिए। **1**

## खंड – ख भाषा

**2** **निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए—**

(i)**'आना - कानी करना'** मुहावरे से वाक्य बनाएँ। **1**
(ii)निम्न वाक्यों को कर्मवाच्य में बदलिएः **2**
क)छात्र पत्र लिखता है।
ख)ममता ने पकौड़े बनाए।
(iii) निम्न वाक्यों में विशेषण पहचानकर उनका भेद भी लिखें– **2**
क)वह बच्चा रो रहा है।
ख)मुझे तीन मीटर कपड़ा कुरते के लिए चाहिए।
(iv) वाक्य शुद्ध करें– **2**
क)मैं आपकी पुस्तक नहीं ली।
ख)कल सारी रात - भर बारिश होती रही।
(v)**'आँखों में धूल झोंकना'** मुहावरे का अर्थ लिखें। **1**
(vi)दो यौगिक शब्द लिखें। **1**
(vii)**'स्व'** उपसर्ग से दो शब्द बनाएँ। **1**
(viii)कर्म के आधार पर क्रिया पहचानकर लिखें– **2**
क)छात्र फुटबॉल खेल रहे हैं।

ख) संतरा खट्टा है।

(ix) **'दयालु'** शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय अलग करके लिखें। 1

(x) तत्सम और तद्भव शब्द छाँटकर अलग करें: 2

दिन , कार्य , पुत्र , सपना

## खंड – ग साहित्य

3 **क) निम्नलिखित पंक्तियाँ पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें —**

सिंधु और ब्रह्मपुत्र — ये दो ऐसे नाम हैं जिनके सुनते ही रावी, सतलुज, व्यास, चनाब झेलम, काबुल, कपिशा, गंगा, यमुना, सरयू, गंडक, कोसी आदि हिमालय की छोटी-बड़ी सभी बेटियाँ आँखों के सामने नाचने लगती हैं। वास्तव में सिंधु और ब्रह्मपुत्र स्वयं कुछ नहीं हैं। दयालु हिमालय के पिघले हुए दिल की एक-एक बूँद न जाने कब से इकट्ठा हो होकर इन दो महानदों के रूप में समुद्र की ओर प्रवाहित होती रही है। कितना सौभाग्यशाली है वह समुद्र जिसे पर्व तराज हिमालय की इन दो बेटियों का हाथ पकड़ने का श्रेय मिला!

(क) यह पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई हैं? 1

(ख) यहाँ किन-किन नदियों की चर्चा की गई है? 2

(ग) दो महानदों के नाम लिखिए। 1

(घ) पर्वतराज किसे कहा गया है? 1

**ख) निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें —**

तरूवर फल नहिं खात है सरवर पियत न पान।<br>
कहि रहीम परकाज हित संपति सचहिं सुजान।।<br>
धरती की सी रीत है सीत घाम औ मेह<br>
जैसी परे सो सहि रहे त्यों रहीम यह देह।।

(क) तरूवर और सरोवर के विषय में रहीम जी ने क्या कहा है? 2

(ख) धरती का उदाहरण देकर रहीम जी हमें क्या सीख देना चाहते हैं? 2

(ग) 'देह' शब्द का अर्थ बताइए। 1

**ग) निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर दीजिए। (कोई पाँच)** 2×5=10

(क) मिठाईवाले में वे कौन-से गुण थे जिनकी वजह से बच्चे तो बच्चे बड़े भी उसकी ओर खिंचे चले आते थे?

(ख) लेखक के घर की आर्थिक स्थित खराब क्यों हो गई?

(ग) रहीम जी ने सच्चे मित्र की क्या पहचान बताई है?

(घ) ' हम पंछी उन्मुक्त गगन के ' कविता का संदेश अपने शब्दों में लिखिए।

(ङ) लेखक नागार्जुन नदियों को किन-किन रूपों में देखते हैं?

(च) रक्त के सफ़ेद कणों को 'वीर सिपाही' क्यों कहा गया है?

**घ) निम्नलिखित प्रश्न का विस्तृत उत्तर दीजिए:** 5

(क) दुकानदार और ड्राइवर के सामने अप्पू की क्या स्थिति है? वे दोनों उसको देखकर पहले परेशान होते हैं , फिर हँसते हैं ।कारण बताइए।

**अथवा**

किसकी बात सुनकर मिठाईवाला भावुक हो गया था? उसने इन व्यवसायों को अपनाने का क्या कारण बताया?

**ङ)निम्नलिखित प्रश्नों का विस्तृत उत्तर दीजिएः (कोई दो)** 5

(क)देवव्रत का नाम भीष्म कैसे पड़ा?

(ख)राजा पांडु के कितने पुत्र थे? उनके नाम लिखिए।इनमें से किसने द्रोपदी को स्वयंवर में जीता था?

(ग)एकलव्य किस प्रकार एक कुशल धनुर्धर बना?

## खंड घ –लेखन

4 **(i)दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखेंः** 5

**क)प्रदूषण की समस्याः**

पूरे विश्व की समस्या, प्रदूषण के कारण, प्रदूषण के प्रकार- जल, वायु ,मिट्टी, शोर, प्रदूषण को रोकने के उपाय ,प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य

ख)**दिल्ली दर्शन** ः

भ्रमण से लाभ, भारत की राजधानी, दिल्ली का इतिहास, प्रमुख दर्शनीय स्थल-राजघाट, लालकिला , कुतुब मीनार, इंडिया गेट, मेट्रो , दिल्ली में विकास के कार्य

(ii)शैक्षणिक भ्रमण पर गोवा जाने के लिए अनुमति लेने हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखें। 5

**अथवा**

छोटी बहन को विद्यालय की नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम आने पर बधाई पत्र लिखिए।

(iii)**परीक्षा की तैयारी के संबंध में** पिता पुत्र के बीच की बातचीत को संवाद के रूप में लिखें। 5

(iv) **किसी शैंपू की कंपनी के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । इसके लिए लगभग 25 शब्दों का प्रयोग कीजिए।** 5

(v)**दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर उसके विषय में लगभग 25 से 30 शब्दों में अपने विचार व्यक्त करें** ः 5

